## PART - I / भाग - I

## GENERAL AWARENESS / सामान्य जागरुकता

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 10) by selecting the correct/most appropriate options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 10) के उत्तर देने के लिए* **सही/सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

1. The Atomic number of which among the following metals is the highest ?

(1) Magnesium (2) Aluminium (3) Sodium (4) Calcium

निम्नलिखित में से किस धातु की परमाणु संख्या सबसे ज़्यादा (उच्चतम) है ?

(1) मैग्नीशियम (2) एल्यूमिनियम (3) सोडियम (4) कैल्शियम

2. Which book was awarded the International Booker Prize for the year 2025 ?

(1) 'Tomb of Sand' (2) 'Heart Lamp'

(3) 'The Vegetarian' (4) 'Mother Mary'

निम्नलिखित में से किस पुस्तक को वर्ष 2025 का अन्तरराष्ट्रीय बूकर पुरस्कार मिला है ?

(1) 'टॉम्ब ऑफ सैंड' (2) 'हार्ट लैम्प'

(3) 'दि वेजीटेरियन' (4) 'मदर मैरी'

3. Which National team won the 'Copa America' tournament in 2024 ?

(1) Brazil (2) Peru

(3) Argentina (4) Colombia

सन् 2024 में आयोजित 'कोपा अमेरिका' खेल प्रतियोगिता (टूर्नामेंट) में निम्नलिखित में से किस देश की टीम विजेता रही ?

(1) ब्राजील (2) पेरू

(3) अर्जेंटीना (4) कोलंबिया

13294500

4. Which Union Territory had the highest voters turnout in the Lok Sabha election 2024 ?

(1) Chandigarh
(2) Puducherry
(3) Lakshadweep
(4) Goa

लोकसभा निर्वाचन (साधारण निर्वाचन), 2024 में निम्नलिखित में से किस संघ राज्य क्षेत्र के सबसे अधिक मतदाताओं ने मतदान किया ?

(1) चंडीगढ़
(2) पुडुचेरी
(3) लक्षद्वीप
(4) गोवा

5. Which of the following pairs of the Ramsar Wetland Sites and the States where they are located is matched **incorrectly** ?

(1) Rudrasagar Lake – Tripura
(2) Harike Lake – Sikkim
(3) Tampara Lake – Odisha
(4) Lonar Lake – Maharashtra

रामसर आर्द्र-भूमि पुरास्थल और उनकी अवस्थिति के राज्य का निम्नलिखित में से कौन सा युग्म **गलत** है ?

(1) रूद्रसागर लेक – त्रिपुरा
(2) हारिके लेक – सिक्किम
(3) तामपारा लेक – ओडीशा
(4) लोनार लेक – महाराष्ट्र

6. What is hydroponics ?

(1) A medical treatment procedure using water pressure
(2) Refinement of petroleum with hydrogen
(3) Technique of growing plants without soil, in nutrient solutions
(4) The study of tidal movement

हाइड्रोपोनिक्स (जलसंवर्धन) क्या है ?

(1) जल दाब का प्रयोग कर किया जानेवाला चिकित्सीय उपचार।
(2) पेट्रोलियम और हाइड्रोजन का परिष्करण।
(3) पोषक विलियनों में बिना मृदा के पादप उगाने की तकनीक।
(4) ज्वारीय प्रवाह (संचलन) का अध्ययन।

1329450

7. Who among the following was an Indian Oncologist and was awarded the Magsaysay Award and the Padma Vibhushan for her contribution ?

(1) V. Shanta
(2) Tessy Thomas
(3) Aditi Pant
(4) Anna Mani

निम्नलिखित में से कौन भारत में एक कैंसर रोग विशेषज्ञ रहीं जिनके योगदान के लिए उन्हें मैगसेसे पुरस्कार और पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया ?

(1) वी. शांता
(2) टेसी थोमस
(3) अदिति पंत
(4) अन्ना मणि

8. Which of the following statements is **correct** about the Ranji Trophy winner and runner up teams for the year 2024-25 ?

(1) Saurashtra was the winner and Mumbai was the runner up team.

(2) Kerala was the winner and Karnataka was the runner up team.

(3) Mumbai was the winner and Vidarbha was the runner up team.

(4) Vidarbha was the winner and Kerala was the runner up team.

वर्ष 2024-25 में रणजी ट्रॉफी की विजेता और उप-विजेता टीमों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

(1) सौराष्ट्र की टीम विजेता थी और मुंबई की टीम उप-विजेता थी।

(2) केरल की टीम विजेता थी और कर्नाटक की टीम उप-विजेता थी।

(3) मुंबई की टीम विजेता थी और विदर्भ की टीम उप-विजेता थी।

(4) विदर्भ की टीम विजेता थी और केरल की टीम उप-विजेता थी।



1329450

9. Consider the following statements :

(A) A Money Bill cannot be introduced in the Rajya Sabha but Rajya Sabha can delay its passage indefinitely by not returning the Bill to the Lok Sabha.

(B) If a Money Bill is returned by Rajya Sabha to the Lok Sabha with recommendations, the recommendations are not binding on Lok Sabha.

Choose the **correct** answer :

(1) Both (A) and (B) are correct.
(2) Neither (A) nor (B) is correct.
(3) Only (A) is correct.
(4) Only (B) is correct.

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) धन विधेयक राज्यसभा में पुरःस्थापित नहीं किया जा सकता है किन्तु राज्यसभा लोकसभा को विधेयक नहीं लौटाकर इसके पारित होने में अनिश्चितकाल तक विलंब कर सकती है।

(B) यदि धन विधेयक राज्यसभा की सिफारिश सहित लोकसभा को लौटा दिया जाता है तो इस दशा में राज्यसभा द्वारा की गई सिफारिशें लोकसभा के लिए बाध्यकारी नहीं हैं।

**सही** उत्तर चुनिए :

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(2) न तो (A) न (B) सही हैं।
(3) केवल (A) सही है।
(4) केवल (B) सही है।

10. A first of its kind national initiative to create State Health Regulatory Excellence Index launched in India in August 2025 is called ________.

(1) SHRESTH
(2) PM - Aayu
(3) e-jeevan
(4) AMRIT

अगस्त, 2025 में भारत में पहली बार शुरू किए गए राज्य स्वास्थ्य विनियामक उत्कृष्टता सूचकांक तैयार करने के लिए अपने आप में विशिष्ट राष्ट्रीय पहल का क्या नाम है?

(1) श्रेष्ठ
(2) पी.एम-आयु
(3) ई-जीवन
(4) अमृत

## PART - II / भाग - II

### REASONING ABILITY / तर्क क्षमता

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos. 11 to 25) by selecting the correct/most appropriate options.*


*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 11 से 25) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*


**11.** Which of the following Venn diagram represents the best relationship between :


Males, Fathers, Educated


निम्नलिखित में से कौन-सा वेन आरेख निम्नलिखित के बीच सर्वोत्तम संबंध को निरूपित करता है ?

पुरुष, पिता, शिक्षित

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**12.** Kamal travels 25 km North and turns left and travels 10 km. He then turns right and travels 10 km. Finally he turns to East and travels 10 km. How far and in which direction is he now from his starting point ?

(1) 45 km, South
(2) 35 km, North
(3) 35 km, South
(4) 30 km, North

कमल उत्तर की ओर 25 कि.मी. चलता हैं और बाईं ओर मुड़ता है और 10 कि.मी. चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 10 कि.मी. जाता है। अंत में पूर्व की ओर मुड़कर 10 कि.मी. जाता है। अपने आरंभिक बिन्दु से वह कितनी दूरी पर और किस दिशा में है ?

(1) 45 कि.मी., दक्षिण
(2) 35 कि.मी., उत्तर
(3) 35 कि.मी., दक्षिण
(4) 30 कि.मी., उत्तर

13. Select the letter-number cluster that will replace the question mark (?) in the following series :

निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाले अक्षर-संख्या समूह का चयन करें।

I 1 K, M 2 P, S 3 W, A 4 F, ___?___.

(1) Q 5 K (2) K 5 P (3) J 5 P (4) K 5 Q

14. P, Q, R, S, T, U and V are sitting around a circular table facing towards the centre. S is not the neighbour of R and T. P is neighbour of Q and R. V who is second to the left of S, is the neighbour of T and U.

Which of the following is definitely **Not correct** ?

(1) Q is to the immediate left of S.


(2) T is to the second left of U.

(3) P is to the immediate right of Q.

(4) U is between S and V.

P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज़ के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख कर के बैठे हैं। S, R और T का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P, Q और R का निकटतम पड़ोसी है। V, जो कि S के बाएँ ओर दूसरे स्थान पर है, T और U का निकटतम पड़ोसी है।

निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित रूप से **सही नहीं** है?



(1) Q, S के बगल में बाईं ओर है।

(2) T, U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है।

(3) P, Q के बगल में दाईं ओर है।

(4) U, S और V के मध्य में है।

132945000

**15.** B and E are good in Theatre and Artificial Intelligence. A and B are good in Artificial Intelligence and Astrology. A, D and C are good in Astrology and History. C and A are good in Astrology and Statistics. D and E are good in History and Theatre.


Who is good in Theatre, Astrology and History ?

B और E थिएटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अच्छे हैं। A और B कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ज्योतिषशास्त्र में अच्छे हैं। A, D और C ज्योतिषशास्त्र और इतिहास में अच्छे हैं। C और A ज्योतिषशास्त्र और सांख्यिकी में अच्छे हैं। D और E इतिहास और थिएटर में अच्छे हैं।

थिएटर, ज्योतिषशास्त्र और इतिहास में कौन अच्छा है ?

(1) C (2) E (3) B (4) D


**16.** Study the given Venn diagram carefully and answer the question. The numbers in different sections indicate the number of students studying different subjects.




How many students are studying English, Mathematics and Science but not studying History ?

(1) 9 (2) 18 (3) 15 (4) 17

नीचे दिए गए वेन आरेख को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खण्डों में दी गई संख्याएँ भिन्न-भिन्न विषयों को पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या को दर्शाती हैं।




कितने विद्यार्थी अंग्रेज़ी, गणित और विज्ञान पढ़ते हैं, किन्तु इतिहास नहीं पढ़ते ?

(1) 9 (2) 18 (3) 15 (4) 17

17. In the following question, a relationship between different elements is shown in the **statement** followed by two **conclusions (I)** and **(II)**. Assuming the statement to be true, decide which of the conclusions is/are definitely **true** ?

**Statement :** J = M, M > N, N ≥ G

**Conclusions :** (I) J > G

(II) N < J

(1) Both **conclusions (I)** and **(II)** are true.

(2) Neither **conclusion (I)** nor **conclusion (II)** is true.

(3) Only **conclusion (I)** is true.

(4) Only **conclusion (II)** is true.

निम्न प्रश्न में विभिन्न तत्वों के बीच का सम्बंध दिए गए **कथन** में दर्शाया गया है, जिसके पश्चात दो **निष्कर्ष** (I) और (II) दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए निर्णय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष निश्चित रूप से **सत्य** है/हैं ?

**कथन :** J = M, M > N, N ≥ G

**निष्कर्ष :** (I) J > G

(II) N < J

(1) दोनों **निष्कर्ष** (I) और (II) सत्य हैं।

(2) न तो **निष्कर्ष** (I) न ही **निष्कर्ष** (II) सत्य है।

(3) केवल **निष्कर्ष** (I) सत्य है।

(4) केवल **निष्कर्ष** (II) सत्य है।

18. Study the following digit-letter-symbol sequence and answer the question.

निम्नलिखित अंक-अक्षर-प्रतीक अनुक्रम का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

E N 3 G # B S 5 A L 9 $ # 7 % U 4 Q ☐ K I P 2 @ 8 Y

How many such consonants are there in the above sequence each of which is immediately followed by a number and immediately preceded by a vowel ?

ऊपर दिए गए अनुक्रम में ऐसे कितने अंग्रेजी व्यंजन है जिनमें से प्रत्येक के तुरंत पहले अंग्रेजी स्वर और तुरंत बाद में अंक है ?

(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 1

19. Pointing to a lady in the photograph, Shalini said "Her son's father is the son-in-law of my mother".
How is Shalini related to the lady ?

(1) Daughter-in-law (2) Sister
(3) Mother (4) Niece

एक महिला की एक तस्वीर की ओर इंगित कर के शालिनी ने कहा ''इनके बेटे का पिता, मेरी माता का दामाद है।''
शालिनी, उस महिला से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) बहू (2) बहन
(3) माता (4) भांजी

20. Three **statements** are given followed by three **conclusions** **(I)**, **(II)** and **(III)**. Assuming the statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts. Decide which of the given conclusions is/are logically follow/follows from the statements.

**Statements :** Some crows are parrots. All parrots are birds. Some pigeons are parrots.

**Conclusions :** **(I)** Some birds are pigeons.
**(II)** Some crows are birds.
**(III)** All birds are parrots.

(1) Only **conclusions** **(I)** and **(III)** follow.
(2) All **conclusions** **(I)**, **(II)** and **(III)** follow.
(3) Only **conclusions** **(I)** and **(II)** follow.
(4) Only **conclusions** **(II)** and **(III)** follow.

तीन **कथनों** के पश्चात तीन **निष्कर्ष** (I), (II) और (III) दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों से निकलता है/निकलते हैं।

**कथन :** कुछ कौए, तोते हैं। सभी तोते, पक्षी हैं। कुछ कबूतर, तोते हैं।

**निष्कर्ष :** (I) कुछ पक्षी, कबूतर हैं।
(II) कुछ कौए, पक्षी हैं।
(III) सभी पक्षी, तोते हैं।

(1) केवल **निष्कर्ष** (I) और (III) निकलते हैं।
(2) सभी **निष्कर्ष** (I), (II) और (III) निकलते हैं।
(3) केवल **निष्कर्ष** (I) और (II) निकलते हैं।
(4) केवल **निष्कर्ष** (II) और (III) निकलते हैं।

21. Select the number that will replace the question mark (?) in the following series :
उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) का स्थान ले सके।
2, 7, 25, 105, ___?___, 3193
(1) 645 (2) 531 (3) 561 (4) 435

22. P, Q, R, S, T, U and V are members of a family consisting of two couples and three children, only two of children U and V are girls. P and S are brothers and P is a doctor. T is an engineer, married to one of the brothers and has two children. Q is married to S and V is their child.
How is R related to P ?
(1) Brother (2) Father (3) Son (4) Daughter
एक परिवार में P, Q, R, S, T, U और V सदस्य हैं जिनमें दो विवाहित जोड़ें और तीन बच्चे हैं। तीन बच्चों में से केवल दो बच्चे U और V लड़कियाँ हैं। P और S भाई हैं और P एक चिकित्सक है। T जिसके दो बच्चे हैं, एक इंजिनियर है और दोनों भाईयों में से एक का जीवन-साथी है। Q का विवाह S से हुआ है और V उनकी संतान है।
R, P से किस प्रकार सम्बंधित है ?
(1) भाई (2) पिता (3) पुत्र (4) पुत्री

23. In the following question a **statement** is followed by two **conclusions** numbered (I) and (II). Consider the statement to be true and the two conclusions, decide which of the conclusions logically follow/follows.

**Statement :** Vegetable prices are soaring in the market.

**Conclusions :** (I) Vegetables are becoming a rare commodity.
(II) People cannot eat vegetables.

(1) Both **conclusions (I)** and **(II)** follow.
(2) Neither **conclusion (I)** nor **conclusion (II)** follows.
(3) Only **conclusion (I)** follows.
(4) Only **conclusion (II)** follows.

नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन के पश्चात दो निष्कर्ष (I) और (II) दिए गए हैं। कथन और निष्कर्षों को सत्य मानते हुए विचार करें और निर्णय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से निकलता है/निकलते हैं।

**कथन :** बाज़ार में सब्जियों के दाम बहुत अधिक बढ़ रहे हैं।

**निष्कर्ष :** (I) सब्जियाँ दुर्लभ वस्तु बनती जा रही हैं।
(II) लोग सब्जियाँ नहीं खा सकते हैं।

(1) दोनों **निष्कर्ष (I)** और **(II)** निकलते हैं।
(2) न तो **निष्कर्ष (I)** न ही **निष्कर्ष (II)** निकलता है।
(3) केवल **निष्कर्ष (I)** निकलता है।
(4) केवल **निष्कर्ष (II)** निकलता है।

24. Given below is a question followed by two **statements** numbered (I) and (II), each containing some information. Decide which of the statement(s) is/are sufficient to answer the question ?

There were 60 members of a co-operative society. How many members attended the recent Annual General Meeting ?

**Statements :** **(I)** Normally two-third members attend the meeting.

**(II)** One-sixth of the members were out of the town on the AGM's day.

(1) Both **Statements (I)** and **(II)** together are necessary to answer the question.

(2) **Statement (I)** and **statement (II)** together are not sufficient to answer the question.

(3) **Statement (I)** alone is sufficient to answer the question while **statement (II)** alone is not sufficient.

(4) **Statement (II)** alone is sufficient to answer the question while **statement (I)** alone is not sufficient.

नीचे एक प्रश्न दिया गया है, जिसके पश्चात दो **कथन** (I) और (II), प्रत्येक कुछ जानकारी सहित दिए गए हैं। निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से कथन, प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है/हैं ?

एक सहकारी समिती में 60 सदस्य हैं। हाल ही में आयोजित वार्षिक महा-सभा में कितने सदस्यों ने भाग लिया ?

**कथन :** **(I)** सामान्यत: दो-तिहाई सदस्य ही महा-सभा में भाग लेते हैं।

**(II)** वार्षिक-महा-सभा वाले दिन $\frac{1}{6}$ सदस्य शहर के बाहर थे।

(1) दोनों **कथन** (I) और **कथन** (II) इकट्ठे, प्रश्न का उत्तर देने हेतु आवश्यक है।

(2) **कथन** (I) और **कथन** (II) इकट्ठे, प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त नहीं है।

(3) **कथन** (I) अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि **कथन** (II) अकेले पर्याप्त नहीं है।

(4) **कथन** (II) अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि **कथन** (I) अकेले पर्याप्त नहीं हैं।

25. Two statements are given below and these are labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**.

**Assertion (A) :** Beri-Beri is a viral infection.

**Reason (R) :** Vitamin deficiency causes diseases.

Select the **correct** answer from the following options.

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) **(A)** is false but **(R)** is true.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is NOT the correct explanation of **(A)**.

नीचे दो कथन दिए गए हैं और उन्हें **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** बेरी-बेरी एक वायरल संक्रमण है।

**तर्क (R) :** विटामिन की कमी से बीमारियाँ होती हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए।

(1) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

## PART - III / भाग - III

## KNOWLEDGE OF ICT / ICT का ज्ञान

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos. 26 to 40) by selecting the correct/most appropriate options.*

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 26 से 40) के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।

26. Which of the following is considered as the father of Computer ?
   (1) John Von Neumann (2) Bill Gates
   (3) Alan Turing (4) Charles Babbage

   निम्नलिखित में से किसे कंप्यूटर का जनक माना जाता है ?
   (1) जॉन वॉन न्यूमैन (2) बिल गेट्स
   (3) एलन ट्यूरिंग (4) चार्ल्स बैबेज

27. MAN in computer networks stands for :
   कंप्यूटर नेटवर्क में MAN का अर्थ है :
   (1) Major Area Network (2) Metropolitan Area Network
   (3) Metropolitan Access Network (4) Manage and Access Network

28. The main page of a website is called :
   (1) HTML page (2) Search page (3) Web page (4) Home page

   किसी वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ को क्या कहते हैं ?
   (1) HTML पेज (2) सर्च पेज (3) वेब पेज (4) होम पेज

29. Which of the following is NOT a web browser ?
   (1) MS Excel (2) Microsoft Edge
   (3) Google Chrome (4) Mozilla Firefox

   निम्नलिखित में से कौन सा वेब ब्राउज़र नहीं है ?
   (1) एम एस एक्सेल (2) माइक्रोसॉफ्ट एज
   (3) गूगल क्रोम (4) मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स

30. Which communication service is primarily text-based and allows quick exchange of short messages ?

(1) SMS (2) Podcast (3) Email (4) Video Call

कौन सी संचार सेवा मुख्य रूप से टेक्स्ट-आधारित है और छोटे संदेशों के त्वरित आदान-प्रदान की अनुमति देती है ?

(1) एसएमएस (2) पॉडकास्ट (3) ईमेल (4) वीडियो कॉल

31. Which among the following is NOT an input device ?

(1) Webcam (2) Speaker (3) Touchpad (4) Keyboard

निम्नलिखित में से कौन सा इनपुट डिवाइस नहीं है ?

(1) वेबकैम (2) स्पीकर (3) टचपैड (4) कीबोर्ड

32. Which one of the following is an example of cloud storage ?

(1) Memory Stick (2) Pen Drive (3) Hard Disk (4) Google Drive

निम्नलिखित में से कौन सा क्लाउड स्टोरेज का उदाहरण है ?

(1) मेमोरी स्टिक (2) पेन ड्राइव (3) हार्ड डिस्क (4) गूगल ड्राइव

33. The shortcut key to copy selected text in Windows is :

विंडोज़ में चयनित टेक्स्ट को कॉपी करने की कीबोर्ड शॉर्टकट की है :

(1) Ctrl + X (2) Ctrl + P (3) Ctrl + C (4) Ctrl + V

34. The full form of PDF is :

PDF का पूर्ण रूप है :

(1) Public Data File (2) Programmed Document Format

(3) Personal Document File (4) Portable Document Format

35. Which of the following is the most suitable example of a secured password ?

निम्नलिखित में से कौन सा सुरक्षित पासवर्ड का सबसे उपयुक्त उदाहरण है ?

(1) 03Aug1945 (2) 35thLane (3) 3J@p%dM! (4) Jackson3

132945500

36. Which of the following is an open-source operating system ?

(1) MacOS

(2) Apple iOS

(3) MS Windows 10

(4) Ubuntu

निम्नलिखित में से कौन सा एक ओपन-सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम है ?

(1) मैकOS (MacOS)

(2) एप्पल iOS (Apple iOS)

(3) एम एस विंडोज 10 (MS Windows 10)

(4) उबुन्टु (Ubuntu)

37. In computer networks, HTTP stands for :

कंप्यूटर नेटवर्क में, HTTP का अर्थ है :

(1) Hyper Text Transmission Prototype

(2) Hyper Text Transmission Protocol

(3) Hyper Text Transfer Protocol

(4) Hyper Text Transfer Prototype

38. A device used to directly capture the handwritten text or drawings in real time into the computer is :

(1) Joystick (2) Webcam (3) Scanner (4) Light Pen

हस्तलिखित पाठ या चित्र को साथ ही साथ सीधे कंप्यूटर में कैप्चर करने के लिए प्रयुक्त उपकरण है :

(1) जॉयस्टिक (2) वेबकैम (3) स्कैनर (4) लाइट पेन

39. Which of the following device is used as an output device ?

(1) Plotter (2) CCTV Camera (3) Scanner (4) Barcode Reader

निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण आउटपुट डिवाइस के रूप में उपयोग किया जाता है ?

(1) प्लॉटर (2) सी सी टी वी कैमरा (3) स्कैनर (4) बारकोड रीडर

40. ICT can help to reduce which one of the following in education ?

(1) Access to Information

(2) Collaborative Learning

(3) Digital Divide

(4) Student Engagement

आई सी टी (ICT), शिक्षा में निम्नलिखित में से किसे कम करने में मदद कर सकता है ?

(1) सूचना तक पहुँच

(2) सहयोगात्मक शिक्षण

(3) डिजिटल डिवाइड

(4) छात्र जुड़ाव

## QUANTITATIVE APTITUDE / मात्रात्मक अभिवृत्ति

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos. 41 to 70) by selecting the correct/most appropriate options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 41 से 70) के उत्तर देने के लिए* **सही/सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

41. The capacity of a cylindrical tank is 2376 litres and its internal depth is 2.1 m. What is the internal curved surface area (in $m^2$) of the tank ?

$\left(\text{Take } \pi = \frac{22}{7}\right)$

किसी बेलनाकार टंकी की धारिता 2376 लीटर है और इसकी आंतरिक गहराई 2.1 m है। टंकी का आंतरिक वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($m^2$ में) क्या है?

$\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ लीजिए}\right)$


(1) 7.92 (2) 8.42 (3) 6.60 (4) 6.66

42. Study the following pie-chart and answer the question :

Breakup (degreewise) of the number of employees of company XYZ working in its five offices A, B, C, D and E.

निम्न पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

कंपनी XYZ के पाँच कार्यालयों A, B, C, D और E में कार्यरत कर्मचारिओं की संख्या का बंटन (डिग्री में)




Total number of employees = 3000

कर्मचारियों की कुल संख्या = 3000

The ratio of male employees and female employees in office D is 13 : 16 and the number of male employees in office A is 175 more than the female employees.

The number of male employees in D is what percent of the number of female-employees in A ?

कार्यालय D में पुरुष और महिला कर्मचारियों का अनुपात 13 : 16 है, और कार्यालय A में पुरुष कर्मचारिओं की संख्या महिला कर्मचारियों की संख्या से 175 अधिक है। D में पुरुष कर्मचारियों की संख्या, A में महिला कर्मचारियों की संख्या का कितना प्रतिशत है ?

(1) 60.25% (2) 48.75% (3) 42% (4) 45%

43. Study the following table and answer the question :

**Imports and exports of companies A and B during 2019 to 2023. (in ₹ crores)**

| Year | A | | B | |
|---|---|---|---|---|
| | Imports | Exports | Imports | Exports |
| 2019 | 385 | 300 | 350 | 250 |
| 2020 | 350 | 445 | 320 | 300 |
| 2021 | 370 | 325 | 380 | 350 |
| 2022 | 425 | 435 | 440 | 400 |
| 2023 | 570 | 450 | 500 | 420 |

Total exports of companies A and B in 2020 and 2021 is what percent less than their total imports in 2019 and 2022 ?

(1) 10.75%  (2) 12.6%  (3) 10.5%  (4) 11.25%

निम्न सारणी को पढ़िए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

**कंपनी A और B का 2019 से 2023 के दौरान आयात और निर्यात ( ₹ करोड़ में )**

| वर्ष | A | | B | |
|---|---|---|---|---|
| | आयात | निर्यात | आयात | निर्यात |
| 2019 | 385 | 300 | 350 | 250 |
| 2020 | 350 | 445 | 320 | 300 |
| 2021 | 370 | 325 | 380 | 350 |
| 2022 | 425 | 435 | 440 | 400 |
| 2023 | 570 | 450 | 500 | 420 |

2020 और 2021 के दौरान हुआ कंपनी A और B का कुल निर्यात, 2019 और 2022 के दौरान हुए उनके कुल आयात से कितने प्रतिशत कम है ?

(1) 10.75%  (2) 12.6%  (3) 10.5%  (4) 11.25%

44. Nikita's savings are equal to 16% of her expenditure. If her expenditure increases by 27% and savings decreases by 12.5%, then by what percent does her income increase/decrease ?

(correct to one decimal place)

(1) Increase by 21.6%  (2) Decrease by 12.6%

(3) Increase by 15.5%  (4) Decrease by 18.5%

निकिता की बचत उसके व्यय के 16% के बराबर है। यदि उसके व्यय में 27% की वृद्धि तथा बचत में 12.5% की कमी होती है, तो उसके आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी होती है ? (एक दशमलव स्थान तक)

(1) 21.6% की वृद्धि  (2) 12.6% की कमी

(3) 15.5% की वृद्धि  (4) 18.5% की कमी

**45.** The value of $\sqrt[6]{24-16\sqrt{2}} \times \sqrt[3]{4+2\sqrt{2}}$ is :

$\sqrt[6]{24-16\sqrt{2}} \times \sqrt[3]{4+2\sqrt{2}}$ का मान है :

(1) 2 (2) 4 (3) $\sqrt{2}$ (4) $2\sqrt{2}$

**46.** The perimeter of a rhombus is 136 cm and one of its diagonals is 60 cm. If its area is equal to the area of a trapezium whose lengths of the parallel sides are 60 cm and $x$ cm and the distance between the parallel sides is 20 cm, then what is the value of $x$ ?

किसी समचतुर्भुज का परिमाप 136 cm है और उसका एक विकर्ण 60 cm है। यदि इसका क्षेत्रफल एक समलंब के क्षेत्रफल के बराबर है, जिसकी समांतर भुजाओं की लंबाइयाँ 60 cm और $x$ cm हैं और समांतर भुजाओं के बीच की दूरी 20 cm है, तो $x$ का मान क्या है ?

(1) 36 (2) 40 (3) 30 (4) 32

**47.** Pipes A and B can fill a tank in 10 hours and 15 hours, respectively. Pipe R can empty the full tank in 30 hours. All the three pipes are opened together, but R is closed 4 hours before the tank is filled. In how many hours, in all, will the tank filled ?

पाइप A और B किसी टंकी को क्रमशः 10 घंटे तथा 15 घंटे में भर सकते हैं। पाइप R, पूरी भरी टंकी को 30 घंटे में खाली कर सकता है। सभी तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया गया लेकिन R को टंकी भरने से 4 घंटे पहले बंद कर दिया गया। कुल कितने घंटों में टंकी पूरी तरह से भर जाएगी ?

(1) 6 (2) $6\frac{1}{2}$ (3) 5 (4) $5\frac{1}{2}$

**48.** When the least number $x$ is divided by 21, 22 and 56, the remainder in each case is 10 and $x$ is divisible by 37. What is the sum of the digits of $x$ ?

जब न्यूनतम संख्या $x$ को 21, 22 और 56 से भाग दिया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में शेषफल 10 प्राप्त होता है, और $x$, 37 से विभाज्य है। $x$ के अंकों का योग क्या है ?

(1) 16 (2) 19 (3) 14 (4) 15

**49.** If a 9-digit number $45069x4y8$ is divisible by 44, then what is the maximum possible value of $(4x+3y)$ ?

यदि 9-अंकीय संख्या $45069x4y8$, 44 से विभाज्य है, तो $(4x+3y)$ का अधिकतम संभव मान क्या है ?

(1) 50 (2) 54 (3) 42 (4) 48

50. The price of item A is 40% less than that of item B. The price of item C is 20% more than the average price of A and B. If price of A is increased by 25% and that of B is decreased by 20%, then by what percent is the total price of A and C more than that of B ?

वस्तु A का मूल्य वस्तु B के मूल्य से 40% कम है। वस्तु C का मूल्य A और B के औसत मूल्य से 20% अधिक है। यदि A के मूल्य में 25% की वृद्धि होती है तथा B के मूल्य में 20% की कमी होती है, तो A और C का कुल मूल्य B के मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(1) 115.25% (2) 120.5% (3) 113.75% (4) 112.5%

51. In the following series :

13, 29, 150, 186, 411, $\underline{x}$, $\underline{y}$,...., what is the sum of $x$ and $y$ ?

श्रेणी 13, 29, 150, 186, 411, $\underline{x}$, $\underline{y}$,.... में, $x$ और $y$ का योग क्या है ?

(1) 858 (2) 912 (3) 852 (4) 854

52. The internal surface area of a cuboid is 76 $cm^2$ and the sum of the lengths of all its edges is 44 cm. The length (in cm) of a diagonal of the cuboid is :

किसी घनाभ का आंतरिक पृष्ठीय क्षेत्रफल 76 $cm^2$ है और इसके सभी कोरों की लंबाइयों का योग 44 cm है। घनाभ के एक विकर्ण की लंबाई (cm में) है :

(1) $4\sqrt{5}$ (2) $3\sqrt{5}$ (3) $5\sqrt{3}$ (4) $3\sqrt{3}$

53. A and B entered into a partnership with their capitals in the ratio 5 : 3. B being an active partner received 20% of the annual profit and the rest of the profit is distributed among them in the ratio of their investments. If A received a sum of ₹ 35 lakhs as his share out of the total annual profit, then the total annual profit (in ₹ lakhs) was :

A और B ने साझे में अपनी पूंजियों को 5 : 3 के अनुपात में लगाया। B एक सक्रिय साझीदार है, इसलिए उसने कुल वार्षिक लाभ का 20% अलग से प्राप्त किया। शेष लाभ उनकी पूंजियों के अनुपात में विभाजित किया गया। यदि A को वार्षिक लाभ में से ₹ 35 लाख मिले हों, तो कुल वार्षिक लाभ (₹ लाख में) कितना था ?

(1) 70 (2) 72 (3) 60 (4) 63

54. The ratio of acid and water in solutions A and B are 2 : 5 and 3 : 11, respectively. Five litres of A is mixed with 4 litres of B and then one litre acid is also added to it. What is the percentage of acid in the resulting solution ? (Nearest to an integer)

घोल A और घोल B में अम्ल और जल के अनुपात क्रमशः 2 : 5 और 3 : 11 है। पाँच लीटर घोल A को 4 लीटर घोल B के साथ मिलाया जाता है और फिर इसमें एक लीटर अम्ल भी डाल दिया जाता है। इस प्रकार प्राप्त परिणामी घोल में अम्ल की प्रतिशतता क्या है? (एक पूर्णांक के निकटतम)

(1) 40% (2) 45% (3) 35% (4) 33%

55. 5 men and 4 women can complete a certain work in 15 days whereas 2 men and 3 women can complete it in 30 days. If 3 men and $x$ women can complete the same work in 21 days, then what is the value of $x$ ?

5 पुरुष और 4 महिलाएँ मिलकर किसी काम को 15 दिन में पूरा कर सकते हैं, जबकि 2 पुरुष और 3 महिलाएँ मिलकर उसी काम को 30 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि 3 पुरुष और $x$ महिलाएँ मिलकर इस काम को 21 दिन में पूरा कर सकते हों, तो $x$ का मान क्या है?

(1) 6 (2) 8 (3) 3 (4) 4

56. If $m = \left(1.0\bar{3} \div 0.\overline{93}\right) \times 1.\overline{36}$ and $n = 0.\overline{37} \div 0.4\bar{1} \times 1.1$, then $\frac{m}{n}$ is equal to :

यदि $m = \left(1.0\bar{3} \div 0.\overline{93}\right) \times 1.\overline{36}$ है और $n = 0.\overline{37} \div 0.4\bar{1} \times 1.1$ है, तो $\frac{m}{n}$ बराबर है :

(1) 2 (2) 2.5 (3) 1 (4) 1.5

57. In a division problem, the divisor is 5 times the quotient and twice the remainder. If a and b are respectively, the divisor and the dividend, then which of the following statements is true ?

भाग के एक प्रश्न में, भाजक, भागफल का 5 गुना है और शेषफल का दुगुना है। यदि a और b क्रमशः भाजक और भाज्य हैं, तो निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?

(1) $a^2 - 10a + 5b = 0$ (2) $a^2 + 10a - 5b = 0$

(3) $2a^2 + 5a - 10b = 0$ (4) $2a^2 - 5a - 10b = 0$

58. A sum of ₹ 12540 is divided between A, B and C in such a way that the ratio of share of A to the combined share of B and C is 3 : 7 and the ratio of the share of B to the combined share of A and C is 2 : 9. What is the share (in ₹) of C ?

₹ 12540 की एक राशि को A, B और C में इस प्रकार बाँटा जाता है, कि A के भाग और B तथा C के संयुक्त भाग में 3 : 7 का अनुपात है, तथा B के भाग और A और C के संयुक्त भाग में 2 : 9 का अनुपात है। C का भाग (₹ में) क्या है?

(1) 6042 (2) 6498 (3) 3762 (4) 5252

59. What is the unit's digit of k, where $k=(258)^{100}+(547)^{84}-(1373)^{37}$ ?

यदि $k=(258)^{100}+(547)^{84}-(1373)^{37}$ है, तो k में इकाई का अंक क्या है ?

(1) 5 (2) 7 (3) 3 (4) 4

60. A certain sum invested at simple interest amounts to ₹ 7348 in 4 years and to ₹ 8503 in $6\frac{1}{2}$ years at the same rate of interest. The rate of interest per annum is :

एक ही वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज पर किसी राशि का 4 वर्ष में मिश्रधन ₹ 7348 है और $6\frac{1}{2}$ वर्ष में मिश्रधन ₹ 8503 हो जाता है। वार्षिक ब्याज दर है :

(1) 8.8% (2) 9% (3) 8% (4) 8.4%

61. The marked price of a table is 60% above its cost price. It is sold for ₹ 3610, after giving two successive discounts each of 5% on the marked price. If it is sold on the marked price after giving a single discount of 10%, then what will be gain percent ?

किसी मेज़ का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 60% अधिक है। अंकित मूल्य पर दो क्रमिक छूट प्रत्येक 5% की देने के पश्चात इसको ₹ 3610 पर बेचा जाता है। यदि इसे अंकित मूल्य पर एकल 10% की छूट देकर बेचा जाए, तो लाभ प्रतिशत क्या होगा ?

(1) 44% (2) 48% (3) 35% (4) 46%

62. If $x=\frac{15.9\times1.59-0.41\times4.1}{15.9-4.1}$, then the value of $\sqrt{x}$ lies between :

(1) 1.4 and 1.5 (2) 1.5 and 1.6 (3) 1.2 and 1.3 (4) 1.3 and 1.4

यदि $x=\frac{15.9\times1.59-0.41\times4.1}{15.9-4.1}$ है, तो $\sqrt{x}$ का मान निम्न के बीच में है :

(1) 1.4 और 1.5 (2) 1.5 और 1.6 (3) 1.2 और 1.3 (4) 1.3 और 1.4

63. A train running at 75 km/h crosses a man completely standing on a platform in 21 seconds. How much time (in seconds) will the train take to cross another train of length 250 m, running at 45 km/h, in the opposite direction ?

एक रेलगाड़ी जिसकी चाल 75 km/h है, प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को 21 सेकंड में पूर्णतया पार करती है। यह रेलगाड़ी, एक दूसरी रेलगाड़ी, जिसकी लंबाई 250 m है और विपरीत दिशा में 45 km/h की चाल से चल रही है, को कितने समय में (सेकंड में) पार कर लेगी ?

(1) 18 (2) 20 (3) 15 (4) 16

64. Average weight of all the students in a class is 43 kg. When four more students with weights 40 kg, 37.5 kg, 40.5 kg and 42 kg join the class, the average weight of all the students reduces by $\frac{1}{2}$ kg. The number of students in the class, initially, is :

किसी कक्षा के सभी विद्यार्थियों का औसत भार 43 kg है। जब चार और विद्यार्थी जिनके भार 40 kg, 37.5 kg, 40.5 kg और 42 kg हैं, कक्षा में सम्मिलित हो जाते हैं, तब सभी विद्यार्थियों का औसत भार $\frac{1}{2}$ kg कम हो जाता है। आरंभ में, कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या है :

(1) 22 (2) 24 (3) 18 (4) 20

65. A person sells his goods at a profit of 25%. If the cost price of goods is decreased by 20% and the selling price is increased by 5%, then what will be his gain percent ? (Nearest to an integer)

कोई व्यक्ति अपने सामान को 25% लाभ पर बेचता है। यदि क्रय मूल्य में 20% की कमी तथा विक्रय मूल्य में 5% की वृद्धि होती है, तो उसको कितने प्रतिशत का लाभ प्राप्त होगा ? (एक पूर्णांक के निकटतम)

(1) 48% (2) 35% (3) 64% (4) 50%

66. A person borrows a sum from a finance company and has to pay it back in two equal half yearly instalments of ₹ 5547 each. If the interest is charged by the company at the rate of 15% p.a. compounded half yearly, the total interest (in ₹) paid by him was :

एक व्यक्ति किसी वित्त कंपनी से कुछ राशि उधार लेता है और वह उसे दो समान अर्धवार्षिक किस्तों में लौटाता है, जबकि प्रत्येक किस्त ₹ 5547 की है। यदि कंपनी 15% वार्षिक की दर से अर्धवार्षिक संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज लेती है, तो उसने कुल कितना ब्याज (₹ में) दिया ?

(1) 1134 (2) 1210 (3) 1028 (4) 1124

67. The time taken by a boat to cover a certain distance downstream is equal to the time taken by it to cover half of the same distance upstream. The speed of boat in still water is 16 km/h. How much time (in hour) will the boat take to cover 48 km upstream ?

एक नाव द्वारा धारा के अनुकूल किसी निश्चित दूरी तय करने में लगा समय, उसके द्वारा उसी दूरी को धारा के विपरीत जाने में लगे समय के आधे के बराबर है। शांत जल में, नाव की चाल 16 km/h है। नाव को धारा के विपरीत 48 km की दूरी तय करने में कितना समय (घंटों में) लगेगा ?

(1) $4\frac{1}{2}$ (2) 5 (3) $3\frac{1}{2}$ (4) 4

68. When the least number $x$ is added to 1780 and the least number $y$ is subtracted from 2361, then in both cases, the numbers so obtained, are perfect squares. What is the value of $\sqrt{2x-y}$ ?

जब 1780 में न्यूनतम संख्या $x$ जोड़ी जाए और 2361 में से न्यूनतम संख्या $y$ घटाई जाए, तब दोनों स्थितियों में, प्राप्त संख्याएँ, पूर्ण वर्ग हैं। $\sqrt{2x-y}$ का मान क्या है ?

(1) 10 (2) 11 (3) 8 (4) 9

69. The ratio of the number of boys and girls in a group is 32 : 25. The average height of girls is 160 cm and that of boys is 2.5 cm more than the average height of all the boys and girls in the group. What is the average height (in cm) of boys ?

किसी समूह में लड़के और लड़कियों की संख्या में 32 : 25 का अनुपात है। लड़कियों की औसत लंबाई 160 cm है और लड़कों की औसत लंबाई समूह में सभी लड़के तथा लड़कियों को मिलाकर उनकी औसत लंबाई से 2.5 cm अधिक है। लड़कों की औसत लंबाई (cm में) क्या है ?

(1) 165.7 (2) 166.8 (3) 162.5 (4) 163.2

70. The value of $\dfrac{3\frac{1}{5} \div 4\frac{1}{2} \text{ of } 5\frac{1}{3} - 5\frac{1}{4} \div 2\frac{1}{3} \text{ of } \frac{9}{8}}{\frac{2}{5} \text{ of } 7\frac{1}{2} \div \frac{3}{2} - \frac{2}{15}}$ is :

$\dfrac{3\frac{1}{5} \div 5\frac{1}{3} \text{ का } 4\frac{1}{2} - 5\frac{1}{4} \div \frac{9}{8} \text{ का } 2\frac{1}{3}}{7\frac{1}{2} \text{ का } \frac{2}{5} \div \frac{3}{2} - \frac{2}{15}}$ का मान है :

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{2}{5}$ (3) −2 (4) −1

## PART - V

## GENERAL ENGLISH

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos. 71 to 80) by selecting the correct/most appropriate options.*

71. Choose the option opposite in meaning to the word given below :

HEFTY

(1) Slight (2) Huge (3) Dishonest (4) Severe

72. Identify the clause of the underlined part of the given sentence.

I know the place where he lives.

(1) Adjective (2) Adverb (3) Principal (4) Noun

73. Choose the option in which VOICE in the given sentence has been correctly changed.

Rama shall give you her book.

(1) You shall be given a book by Rama.
(2) Her book will be given you by Rama.
(3) You shall be given her book by Rama.
(4) You will be given a book by Rama.

74. Choose the option which correctly fills in the blank with a suitable article, if required.

Latha is not likely to take ________ offence.

(1) the (2) no article (3) a (4) an

75. Choose the option nearest in meaning to the word given below :

DART (Verb)

(1) Daub (2) Flee (3) Dash (4) Deter



1329450013294500132945001329450

76. Identify the meaning of the underlined idiom in the given sentence.

Time has come to take stock of the whole situation.

(1) forego (2) transform (3) survey (4) forget

77. Identify the Part of Speech of the underlined word in the given sentence.

I suggest that you should not run like that.

(1) Verb (2) Preposition (3) Adjective (4) Adverb

78. Choose the option in which the following jumbled groups of words can be correctly rearranged to form a meaningful sentence.

(A) the Chief Minister
(B) was accustomed
(C) to meeting
(D) the rich industrialist

(1) (B), (C), (A), (D) (2) (D), (C), (B), (A)
(3) (A), (B), (D), (C) (4) (D), (B), (C), (A)

79. Choose the option which correctly fills in the blank in the given sentence.

To be a novelist in the 18$^{th}$ century one had to put pen ________ paper.

(1) across (2) to (3) on (4) for

80. One of the parts of the given sentence may or may not have an error. Identify the one with the error, if any.

| The committee | was divided on | the main issue. | No error |
|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (C) | (D) |

(1) (C) (2) (D) (3) (A) (4) (B)

1329450

## PART - V
## GENERAL HINDI

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 81 से 90) के उत्तर देने के लिए* **सही/ सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

81. इनमें से शब्द और उनके सही अर्थ का एक युग्म गलत है, वह है :
   (1) आद्योपांत - आदि से अंत तक
   (2) मसिजीवी - कलम की कमाई खाने वाला
   (3) अनुपम - जिसकी उपमा दी जा सके
   (4) निर्निमेष - बिना पलक झपकाए

82. 'निस्संतान' का संधि-विच्छेद है -
   (1) निःस + तान (2) निः + संतान (3) निस् +संतान (4) निस + संतान

83. निम्नलिखित युग्मों में से एक समास की दृष्टि से अशुद्ध है :
   (1) भातदाल - अव्ययीभाव
   (2) चतुर्भुज - बहुव्रीहि
   (3) नीतियुक्त - तत्पुरुष
   (4) राजारंक - द्वन्द्व

84. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है ?
   (1) प्रागतिहासिक (2) प्रागइतिहासिक (3) प्रागेतिहासिक (4) प्रागैतिहासिक

85. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है ?
   (1) आजीवन (2) राजकुमार (3) पीताम्बर (4) पाप-पुण्य

86. निम्नलिखित में असंगत विलोमार्थी शब्द-युग्म है :
   (1) अज्ञात - अविदित (2) औरस - जारज (3) प्राचीन - अर्वाचीन (4) आसक्त - विरक्त

87. निम्नलिखित शब्दों में से 'बिजली' का पर्यायवाची है :
   (1) खड्ग (2) चाप (3) सुधी (4) चपला

88. 'परुष' का विलोम शब्द है :
   (1) कठोर (2) सरल (3) अपौरुष (4) कोमल

89. 'खेत रहना' मुहावरे का अर्थ है :
   (1) जमीन बिक जाना
   (2) जमीन खरीदना
   (3) युद्ध में शहीद होना
   (4) कानूनी विवाद से जमीन का बच जाना

90. शब्द 'नैतत्' का संधि-विच्छेद है :
   (1) ना + एतत् (2) ना + इतत् (3) न + ऐतत् (4) न + एतत्

## PART - V

## HINDI

91. 'स्वजाति' का विलोम शब्द है :
(1) सुजाति (2) विजाति (3) अजाति (4) कुजाति

92. 'पौ बारह होना' मुहावरे का अर्थ है :
(1) कष्ट झेलना (2) लाभ ही लाभ होना (3) विरोध होना (4) समर्थन होना

93. निम्नलिखित युग्मों में से एक समास की दृष्टि से अशुद्ध है :
(1) रामलक्ष्मणौ - अव्ययीभाव (2) दिवारात्रि - द्वन्द्व
(3) नीलोत्पलम् - कर्मधारय (4) दशानन - बहुव्रीहि

94. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(1) आशिर्वाद (2) संन्यास (3) अन्ताक्षरि (4) सौन्दर्यता

95. निम्नलिखित में असंगत विलोमार्थी शब्द-युग्म है :
(1) सृष्टि - व्यष्टि (2) औदार्य - अनौदार्य (3) चांचल्य - स्थैर्य (4) पाप - पुण्य

96. इनमें से शब्द और उनके सही अर्थ का एक युग्म गलत है, वह है :
(1) अलंघनीय - जिसे लांघा न जा सके (2) अपथ्य - जो भोजन रोगी के लिए निषिद्ध है
(3) खेचर - जो नभ में चलता है (4) निराकार - जिसका आकार हो

97. यदि संधि करते समय विसर्ग के बाद स्वर या व्यंजन वर्ण के आने से विकार उत्पन्न हो तो वह संधि है :
(1) अयादि संधि (2) विसर्ग संधि (3) स्वर संधि (4) व्यंजन संधि

98. 'नवोढ़ा' का संधि-विच्छेद है :
(1) नव + ऊढ़ा (2) न + ओढ़ा (3) नव + उढ़ा (4) नवो + ढ़ा

99. निम्नलिखित शब्दों में 'कमल' का पर्यायवाची है :
(1) पारद (2) कटक (3) मार (4) कंज

100. 'आप बीती' का सामासिक विग्रह है -
(1) आप के लिए बीती (2) आप पर बीती (3) आप और बीती (4) आप में बीती